PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Rashtriya Sahara, Delhi**
**Saturday 28th June 2014, Page: 12**
**Width: 4.16 cms, Height: 8.62 cms, a4, Ref: pmin.2014-06-28.43.116**

# रैनबैक्सी को डायोवैन बेचने की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** फार्मा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी रैनबैक्सी लेबोरेट्रीज को अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने इसी क्षेत्र की कंपनी नोवार्टिस की उच्च रक्तचाप रोधी दवा 'डायोवैन' के जेनेरिक संस्करण को अमेरिकी बाजार में बेचने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने कहा है कि उसे बिक्री का यह अधिकार छह महीने के लिए प्राप्त हुआ है। इस दवा को बाजार में पेश करने का मामला सितम्बर 2012 से ही लंबित पड़ा हुआ था। यूएसएफडीए की तरफ से बिक्री की अनुमति मिलने से लंबे से समय से वित्त की कमी जैसी समस्या का सामना कर रही रैनबेक्सी की आय में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। नोवार्टिस ने वैश्विक स्तर पर करीब 3.4 अरब डालर की दवा बेची है लेकिन रैनबैक्सी द्वारा इस पर 40 से 50 फीसद की छूट देने की भी उम्मीद की जा रही है। *(भाषा/वार्ता)*